**न्यायालय- वाणिज्यिक न्यायालय संख्या 01, मेरठ।**

निष्पादन वाद संख्या 10/2024

शिवालिक स्माल फाइनेंस बैंक बनाम पंकज कुमार और अन्य

**दिनांकः 28-05-2025**

वाद पुकारा गया। डिक्रीदार एवं निर्णीतऋणी संख्या 1 पंकज कुमार एवं निर्णीतऋणी संख्या 3 श्रीमती पूनम के विद्वान अधिवक्तागण उपस्थित हैं।

**निस्तारण प्रार्थना पत्र कागज संख्या 24 क**

प्रार्थना पत्र कागज संख्या 24 क डिक्रीदार द्वारा शपथपत्र कागज संख्या 25 ग के साथ निष्पादन प्रार्थना पत्र में संशोधन करने हेतु प्रस्तुत किया गया है।

मैंने उक्त प्रार्थना पत्र पर उभयपक्ष के विद्वान अधिवक्तागण के तर्कों को सुना एवं पत्रावली का परिशीलन किया।

निर्णीतऋणीगण के विद्वान अधिवक्ता द्वारा प्रार्थना पत्र कागज संख्या 24 क पर यह उल्लिखित किया गया है कि "कोई आपत्ति नहीं है।"

संशोधन प्रार्थना पत्र कागज संख्या 24 क के माध्यम से डिक्रीदार निष्पादन प्रार्थना पत्र में निर्णीतऋणी संख्या 02 श्री पलटू राम के नाम के साथ मृतक उल्लिखित करना चाहता है। अतः वर्तमान मामले के सम्पूर्ण तथ्यों एवं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए डिक्रीदार द्वारा प्रस्तुत संशोधन प्रार्थनापत्र कागज संख्या 24 क स्वीकार होने योग्य है।

**आदेश**

डिक्रीदार द्वारा प्रस्तुत संशोधन प्रार्थनापत्र कागज संख्या 24 क स्वीकार किया जाता है। डिक्रीदार संशोधन प्रार्थना पत्र कागज संख्या 24 क के प्रकाश में निष्पादन प्रार्थना पत्र में आवश्यक संशोधन एक सप्ताह के अन्दर करे। पत्रावली दिनांक 24-06-2025 को आपत्ति कागज संख्या 21 ग के निस्तारण हेतु पेश हो।

पीठासीन अधिकारी
वाणिज्यिक न्यायालय सं० 1,
मेरठ।

Digitally signed by SATYA NAND UPADHYAY
Date: 2025.05.28 15:54:01 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court